# सोयाबीन फसल को चट कर रहीं इल्लियां

## दोगुने दाम पर कीटनाशक खरीदने मजबूर किसान



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 25 जुलाई. तहसील में किसानों ने 16700 हेक्टयर में सोयाबीन की बुआई की है, जिसमें 75 प्रतिशत फसल करीब एक माह पूर्व बोई गई है. शेष फसल की बुआई को एक सप्ताह हो गया. 13 दिन की कड़कती धूप ने फसल में इल्ली का प्रकोप बढ़ा दी है. पत्तियों में दिख रहे छेद से किसानों में चिंता बढ़ गई कि अब इल्लियां फसल चट कर रही है.**

अधिकांश किसानों ने मजदूर नहीं मिलने पर ऊंचे दाम पर कीटनाशक खरीदकर असुरक्षित ढ़ंग से अपने छोटे बच्चों को साथ लेकर कीटनाशक का छिड़काव शुरू कर दिया है. सरकार की ओर से किसानों को खाद के समान उचित दाम पर कीटनाशक उपलब्ध नहीं कराने या फिर अनुदान नहीं देने से उन्हें मजबूरी में ऊँचे दामों पर खुले बाजार से खरीदना पड़ रही है. परेशान किसानों ने बताया कि 13 दिन तक वर्षा नहीं होने से सोयाबीन , मक्का ओर धान की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ने से लंबा घाटा हुआ है.

खेतों में खरपतवार बहुत ज्यादा बढ़ गया है. अब वर्षा होने के बाद फसलों को नुकसान से बचाने के लिए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष दोगुनी महंगी हुई कीटनाशक दवाओं के छिड़काव की तैयारी कर फसलों में कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव शुरू कर दिया है. क्योंकि समय रहते दवाओं का छिड़काव नहीं किया तो फसल को बड़ा नुकसान हो सकता है. फसलों की ग्रोथ बढाने के लिए किसानों ने नानाप्रकार के यतन शुरू कर दिए हैं ताकि उनकी बढ़वार प्रभावित ना हो.

> पूर्व कृषि अधिकारी महेन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि कीटनाशक दवाओं पर सरकार की ओर से कोई अनुदान नहीं दिया गया है. इस समय सोयाबीन की फसल पर ईमामेकटिन दानेदार 10 ग्राम एवं किलोपारीफास 50 मिमी 25 लीटर पानी में मिलाकर किसानों को सुरक्षित ढ़ंग से आंख , कान ओर मुंह बचाकर छिड़काव करना चाहिए क्योंकि दवा जहरीली होती है.

# बेगमगंज में आवारा कुत्तों का आतंक

- एक सप्ताह में चौथे व्यक्ति पर किया हमला
- एक व्यक्ति को किया घायल



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 25 जुलाई. नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है. आए दिन किसी ना किसी पर हमला कर उन्हें घायल करने वाले कुत्तों के खिलाफ शिकायत होने के बाद भी कोई कदम नही उठाए जाने से पीड़ितों सहित आमजन में गुस्सा है कि कुत्ते जब किसी की जान ले लेंगे क्या तब जागेगा प्रशासन? पिछले एक सप्ताह में ऐसी 4 घटनाएं होने से लोग डरे हुए हैं और डर के कारण अपने बच्चों को घरों से अकेला नहीं निकलने दे रहे हैं.**

बीती शुक्रवार की रात करीब 10 बजे जब एक व्यक्ति शरीफ कुरैशी पक्का फाटक होकर काजी मोहल्ला रोड पर से अपने घर जा रहा था तभी सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया, घबराकर वह नीचे गिर गया और चारों तरफ से कुत्ते उस पर हमला करने लगे, तभी वहां से निकलकर रहे फराज खान नामक युवक ने अपनी बाइक से पहले तो उन्हें खदेड़ा फिर नीचे उतर कर एक लकड़ी उठाकर कुत्तों को भगाकर वार्ड क्र. 1 मंडी निवासी शरीफ कुरैशी उर्फ हूरकली 62 वर्षीय को जैसे-तैसे कुत्तों के चंगुल से बचाया. अत्यंत गरीब शरीफ कुरैशी घायल हो गया है. जिसका इलाज कराकर घर छोड़ दिया. नगर में सागरमल की पुलिया, पक्का फाटक, चोरबाबड़ी, काजी मोहल्ला, मंडी, मुकरबा, किले अंदर, बजरिया, गंभीरिया, चुरक्का - परासरी, शाहपुर -हदाईपुर, ऊपर टेकरी, खिरिया नारायण दास, मुर्गा मार्केट, चोपड़ा, श्यामनगर, मलंग शाह तकिया से महादेवपुरा एवं माला फाटक क्षेत्र सहित प्राय: अधिकांश वार्डों में आवारा कुत्तों ने डेरा जमा रखा है. उनके झुंड के झुंड आतंक फैलाए हुए हैं जो आजकल लोगों पर लपकते हैं और उन्हें काटकर घायल कर देते हैं. बताया गया है रिकॉर्ड के अनुसार नगर में अब तक पिछले एक सप्ताह में कुत्तों के हमलों की ऐसी चार घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे कि लोग घबराहट में हैं. मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि अभी जानकारी मिली है. ऐसे आवारा कुत्तों को सीघ्र ही पकड़वाया कर नगर के बाहर छोड़ा जाएगा.

# 36 दिव्यांग बच्चों का केक काटकर मनाया जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 25 जुलाई.** नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्च माध्यमिक विद्यालय, स्पर्श भवन में अध्ययनरत जुलाई माह में जन्मे 36 दिव्यांग बच्चों जन्मोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर केक काटा गया और बच्चों को विशेष उपहार भेंट किए गए. बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया. विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने कहा, 'बच्चों की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है'


समाजसेवी राजेश चंचल ने कहा, 'सेवा के छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़ी खुशियां लेकर आते हैं. 'समिति के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने बताया कि ऐसे आयोजन दिव्यांग बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ समाज में सेवा, संवेदना और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं. कार्यक्रम में स्पर्श भवन के अधीक्षक इरफान, तरंग अग्रवाल, विनीता दिवाकर उपस्थित थे.

# रवि प्रदोष पर फलों के रस से होगा बटेश्वर का रुद्राभिषेक

भोपाल, 25 जुलाई. श्री बड़वाले महादेव मंदिर समिति द्वारा रवि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के फलों के रस से रुद्राभिषेक किया जाएगा. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि विभिन्न कष्टों की मुक्ति के लिए लिए प्रदोष काल में गन्ना, आम, अनानास, अनार, एवं मौसंबी के रस से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर जल्द ही सभी की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की जाएगी. सायंकाल बाबा बटेश्वर का विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी.

# सेमरी नदी में बहे युवक का चौथे दिन मिला शव

- रपटा पार करते समय बह गया था राजीव बैरागी



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 25 जुलाई. सेमरी नदी के नैनविलास-रहटवास रपटे से बुधवार रात को बाइक सहित नदी में बहे राजीव बैरागी का शव शनिवार को रपटे से 500 मीटर दूर कीचड़ में फंसा हुआ मिल गया है.**

घटना के चौथे दिन शनिवार को एसडीआरएफ टीम ने फिर से रपटा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और घटना स्थल से मात्र 500 मीटर की दूरी से युवक के शव को खोज निकाला. होमगार्ड्स डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट उमेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं एसडीआरएफ प्रभारी मयंक सिंह, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उइके के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम, होमगार्ड्स ने तीन दिन की अथक मेहनत के बाद शनिवार की सुबह 7 बजे मृतक राजीव बैरागी के शव को खोज लिया.

**कीचड़ में फंसा मिला शव**

थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि राजीव का शव शनिवार की सुबह 7 बजे रपटे से 500 मीटर दूर कीचड़ में फंसा मिला. पुलिस द्वारा जांच में मृतक के मित्रों एवं पिता गिरजाशंकर बैरागी से पूछताछ में पता चला है कि बुधवार की शाम को मृतक राजीव ने अपने मित्रों के साथ खूब शराब पी थी. इसके बाद मुर्गा लेकर राजीव दो मित्रों के साथ अपने श्यामनगर स्थित घर पहुंचा तो पिता ने जब उसे दो मित्रों के साथ शराब के नशे में हाथ में मुर्गा लिए देखा तो उन्होंने गुस्से में लाठी उठाकर उन्हें खदेड़ दिया. तब राजीव इस डर से कि पिता घर में नहीं आने देंगे तो वह अपनी बाइक से पैतृक घर ग्राम नैनविलास के लिए रवाना हो गया और वहां पहुंचने से पहले रास्ते में ये घटना घटित हो गई. पुलिस को घटना के चश्मदीद गवाह ग्राम महगवां टप्पा निवासी मोहरसिंह लोधी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ बोलेरो से अपने गृह ग्राम महगवां टप्पा आ रहा था. तभी उसकी जीप पंचर हो गई तो वह पंप से हवा भरकर धीरे-धीरे सेमरी नदी के रपटे से पहले रात करीब 2 बजे पहुंचा तो देखा कि रपटे पर करीब 3 फीट पानी है. वह पानी उतरने की प्रतीक्षा करने लगा . तभी एक बाइक वहां से निकली और नदी में जा गिरी.

# आंगनबाड़ी केंद्र की नवनियुक्त कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



- छह दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण का समापन

**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर, 25 जुलाई. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नव-नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित 6-दिवसीय इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ.**

20 जुलाई से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को विभागीय योजनाओं, सेवाओं और उनके दैनिक दायित्वों की जानकारी देना था, ताकि वे सेवाओं का प्रभावी ढंग से संचालन कर सकें. प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कार्यकर्ताओं को तकनीकी और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया. प्रमुख विषयों में एकीकृत बाल विकास सेवाएं एवं पोषण अभियान, योजना की संरचना और जमीनी स्तर पर इसके क्रियान्वयन की जानकारी,सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0: कुपोषण से निपटने और बेहतर पोषण स्तर बनाए रखने की रणनीतियाँ, स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं और गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल, पूरक पोषण आहार और विकास की निगरानी, बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा का महत्व तथा डिजिटल माध्यम से रिकॉर्ड संधारण करने का अभ्यास. जन-सामान्य से जुड़ाव स्थापित कर योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना.

> प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. परिचर्चा और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने अपनी शंकाओं का समाधान किया और अपने विचार व अनुभव साझा किए. समापन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया कि वे प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान का उपयोग अपने-अपने क्षेत्रों में करें और शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाएँ.यह इंडक्शन प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायसेन बृजेश जैन के कुशल निर्देशन में और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, रायसेन के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया.कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया.

# भेल कॉलेज में विद्यार्थियों को दी जाएगी एआई की शिक्षा

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 25 जुलाई.** बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की जनभागीदारी की सामान्य परिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम एल के खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र हित में विभिन्न अधोसंरचना विकास सम्बंधित निर्णयों के साथ विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया.

उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ -साथ नैतिक मूल्यों और पारिवारिक दायित्वों से संस्कारित करने की आवश्यकता बताई. बैठक में समिति के सचिव एवं प्राचार्य डा संजय जैन ने स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों, आउटसोर्स एजेंसी, अग्निशमन यंत्रों का रखरखाव, बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ द्वारा सेमीनार, भेल प्रशासन से लायसेंस शुल्क के प्रस्ताव प्रस्तुत किए. बैठक में तेजसिंह ठाकुर, करतार सिंह नागर, संजय कुंवर मौजूद थे.

# लेखक संघ की प्रादेशिक लोक भाषा गद्य/पद्य गोष्ठी आज

भोपाल, 25 जुलाई. मध्यप्रदेश लेखक संघ की प्रादेशिक लोक भाषा गद्य/पद्य गोष्ठी 26 जुलाई, रविवार को दोपहर 2 बजे से दुष्यंत संग्रहालय शिवाजी नगर में होगी, जिसमें भोपाल के वरिष्ठ कवि डॉ किशन तिवारी मुख्य अतिथि, मुरेना के वरिष्ठ रचनाकार कैलाश गुप्ता 'सुमन' सारस्वत अतिथि एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के संरक्षक डॉ राम वल्लभ आचार्य विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे.

# ऋतु विश्वकर्मा बनीं सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट

- बेगमगंज की बेटी ने ऑन-रिकॉर्ड जिले का बढ़ाया गौरव



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 25 जुलाई. नगर के शिवालय चौक निवासी ऋतु विश्वकर्मा पति चैतन्या विश्वकर्मा ने उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित जून 2025 की एडवोकेट्स ऑन रिकॉर्ड (एओआरआर) परीक्षा उत्तीर्ण कर बेगमगंज सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है. एओआरआर परीक्षा देश की सबसे कठिन कानूनी परीक्षा मानी जाती है और इसमें सफलता प्राप्त करने वाले अधिवक्ताओं की संख्या सीमित होती है.**

ऋतु विश्वकर्मा वर्तमान में भारत के उच्चतम न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं ,उन्होंने वर्ष 2018 में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी (एनएलआईयू) भोपाल से विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी. इसके बाद उन्होंने देश की अग्रणी विधि फर्मों सिरिल अमरचंद मंगलदास तथा ट्राइलीगल में कार्य करते हुए कानूनी अनुभव अर्जित किया, वही एओआर के अधीन एक वर्ष का अनिवार्य प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद उन्होंने यह प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की है.

> हाल ही में 22 जुलाई 2026 को सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने नए हृक्रअधिवक्ताओं को उत्कृष्टता ईमानदारी और सतत अध्ययन को अपने पेशे का मूल मंत्र बनाने का संदेश दिया. श्रीमति ऋतु विश्वकर्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बेगमगंज अभिभाषक संघ, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, जनपद अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह तोमर, अजय जाट, सुरेश ताम्रकार,कमल साहू, मीडिया प्रभारी हरि साहू ईटी5 सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहाकि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी.

# बिजली लाइन के तार काटकर ले गए चोर



**नवभारत न्यूज**
**देवरी (रायसेन), 25 जुलाई. देवरी नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित तीन महुआ पाठक पावर हाउस के पीछे अज्ञात चोरों ने हाइटेंशन बिजली लाइन के चार खंभों पर लगी ट्रिपल डोरी काटकर चोरी कर ली. प्रत्येक डोरी की लंबाई करीब 600 मीटर बताई जा रही है. घटना से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.**

ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में बिजली तार चोरी की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले में चोरों का सुराग नहीं लग सका है. लगातार हो रही वारदातों से ग्रामीणों में नाराजगी है और उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है.

विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग किसानों को नियमित बिजली उपलब्ध कराने के लिए दिन-रात बिजली लाइनों के रखरखाव और मरम्मत का कार्य कर रहा है. उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल विद्युत विभाग या पुलिस को सूचित करें.

जनसहयोग से ही इस प्रकार की चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है. विद्युत विभाग द्वारा बिजली लाइन को जल्द से जल्द दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

**समस्या** गर्भवती महिलाओं को बेगमगंज, सागर और रायसेन किया जा रहा रेफर

# स्टाफ नर्सों के बिना चल रहा सुल्तानगंज अस्पताल

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज / सुल्तानगंज, 25 जुलाई. करीब 80 गांवों और एक लाख की आबादी के लिए जीवनरेखा माने जाने वाले सुल्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह से स्टाफ नर्स उपलब्ध नहीं है.**

नतीजतन प्रसव कराने पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को बिना उपचार के ही बेगमगंज, सागर और जिला अस्पताल रायसेन रेफर किया जा रहा है. इससे गरीब, मजदूर और किसान परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.



अस्पताल में पदस्थ एक स्टाफ नर्स का एक माह पूर्व स्थानांतरण हो गया, दूसरी स्टाफ नर्स अपने बच्चे की देखभाल के लिए एक वर्ष के अवकाश पर हैं. इलाज के लिए आने वाली गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को अस्पताल से ही वापस भेज दिया जाता है.

> इस गंभीर समस्या से नाराज ग्रामीण शनिवार दोपहर बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मेडिकल ऑफिसर डॉ. रत्नप्रभा पटेल एवं डॉ. संजय मीणा को ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने मांग की कि तत्काल स्टाफ नर्सों की पदस्थापना कराई जाए और इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाए. साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं हुई तो अस्पताल परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा.
> ग्रामीण शिवम् राजा यादव,जय गुप्ता का कहना है कि अस्पताल से जुड़े अधिकांश गांवों के लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं. निजी अस्पतालों में इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं है. ऐसे में हर मरीज को रेफर करना शासन की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है.
> पिपलिया बिचौली निवासी गर्भवती महिला नेहा अहिरवार और गोरखी निवासी रेखा ने बताया हम गरीब परिवारों से हैं,अस्पताल जांच और इलाज करवाने आते हैं.पर नर्स नहीं मिलती तो बाहर जाकर इलाज निजी अस्पतालों में करवाते हैं.

# सांदीपनि में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**बम्होरी, 25 जुलाई. सांदीपनि स्कूल, सिलवानी में शनिवार को स्काउट एवं गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण में सिलवानी, गैरतगंज एवं बेगमगंज विकासखंड के स्काउट एवं गाइड से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया.**



कार्यक्रम में भोपाल संभाग स्काउट्स के एसोसिएट कमिश्नर राजेश मेवाड़ ने स्काउट-गाइड की गतिविधियों, नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवा भावना पर प्रशिक्षण प्रदान किया. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट्स), रायसेन सुशील बिलोरे ने स्काउट-गाइड संगठन की कार्यप्रणाली एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला. प्रशिक्षण में सहायक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट्स), रायसेन सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला प्रशिक्षण परामर्शदाता डी.एस. बघेल तथा जिला प्रशिक्षण परामर्शदाता, साँची (रायसेन) प्रमोद मेहर की उपस्थिति रही. सभी अतिथियों ने स्काउट-गाइड की प्रशिक्षण प्रदान किया. सांदीपनि स्कूल के शिल्पी तथा बिशप क्लेमेंस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, कुंडली बम्होरी के नरेश रघुवंशी, कैलाश रघुवंशी, गजेंद्र रघुवंशी एवं महेंद्र यादव सहित सिलवानी उपस्थित रहे.